Regarding train stoppages, beautification and infrastructure development at Sakti Railway Station

श्रीमती कमलेश जांगड़े (जांजगीर-चांपा) : जय छत्तीसगढ़! धन्यवाद सभापति महोदया ।

महोदया, मुझे पंचायत से देश की लोक सभा में आज पहली बार बोलने का मौका मिला, इसके लिए मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा की जनता जनार्दन और देवतुल्य कार्यकर्ताओं को सादर प्रणाम करती हूं ।

महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में सक्ती नया जिला बना है । यहां बहुत सारी ट्रेनों की स्टॉपेज नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि मेरे यहां के सक्ती रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण हो और वहां जो सीढ़ी बनी है, वह बहुत ज्यादा ऊपर-नीचे बनी है, इसलिए वहां एक लिफ्ट की सुविधा दी जानी चाहिए । इसमें तीन विधान सभा क्षेत्र आते हैं और तीनों विधान सभा क्षेत्र बहुत प्रभावित हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि यहां ट्रेनों के ठहराव और स्टेशन पर यात्री सुविधाएं देने का कार्य करें । धन्यवाद ।